कम्प्यूटर- परिपत्र सं0- 1314133 दिनांक 26-02-2014

पत्रसंख्या- सचलदल- टी0डी0एफ0 / 13-14 / 9692 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।
(सचलदल अनुभाग)
लखनऊ : : दिनांक : : 26, फरवरी. 2014

जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर
गौतमबुद्ध नगर जोन नोएडा, गाजियाबाद द्वितीय।

मुख्यालय के पत्रसंख्या- सचलदल- ट्रांजिट पास / 1314041 दिनांक 03-09-13 तथा पत्रसंख्या 1314054 दिनांक 01-10-13 द्वारा राज्य के बाहर के किसी स्थान से राज्य से होते हुए राज्य के बाहर गन्तब्य के लिये जाने वाले माल सहित वाहन के परिप्रेक्ष्य में पारगमन पत्र से संबधित नई व्यवस्था लागू की गई है। इस व्यवस्था का समुचित अनुपालन न करने तथा दिए गये निर्देशानुसार पारगमन पत्र की खारिजी न करने आदि विसंगतियों के सम्बन्ध में विधि सम्मत अर्थदण्ड / कर निर्धारण की कार्यवाही करने हेतु उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर नियमावली-2008 के नियम -6 के उपनियम (7) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये कम्प्यूटर परिपत्र संख्या- 1314060 दिनांक 07-10-13 द्वारा टी0डी0एफ0 -1 के सम्बन्ध में अनियमितता प्रकाश में आने पर प्रदेश के घोषित 41 प्रवेश स्थल के कर निर्धारण अधिकारी नामित करते हुये टी0डी0एफ0 खारिज न करने आदि विसंगतियों के सम्बन्ध में विधि सम्मत अर्थदण्ड / कर निर्धारण कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर गौतमबुद्ध नगर जोन एवं गाजियाबाद जोन द्वितीय द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके जोन में टी0डी0एफ0 खारिज न करने के अत्यधिक मामले पेन्डिंग हैं। जिन्हें एक कर निर्धारण अधिकारी द्वारा समय से निस्तारित किया जाना अत्यन्त कठिन होने के कारण जोन में कार्यरत अन्य असि0 कमि0 को भी कर निर्धारण अधिकारी नामित करने के किये गये अनुरोध को स्वीकार करते हुये उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर नियमावली-2008 के नियम -6 के उपनियम (7) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये नोएडा एवं गाजियाबाद जोन द्वितीय हेतु टी0डी0एफ0 -1 के सम्बन्ध में निम्नवत कर निर्धारण अधिकारी नामित किया जाता है :-

| क्रमसंख्या | जोन का नाम | कालम-2 से संबधित जोन के लिये टी0डी0एफ0 -1 के परिप्रेक्ष्य में कार्यवाही हेतु नामित कर निर्धारण अधिकारी |
|---|---|---|
| 1- | गाजियाबाद द्वितीय | गाजियाबाद जोन द्वितीय स्थित खण्ड-13, खण्ड-14, खण्ड-15, खण्ड-16, खण्ड-17, खण्ड-18 व खण्ड-19 में कार्यरत असि0 कमि0 |
| 2- | गौतमबुद्ध नगर | गौतमबुद्ध नगर जोन में स्थित वाणिज्य कर खण्ड-1 नोएडा, खण्ड-2 नोएडा, खण्ड-5 नोएडा, खण्ड-8 नोएडा, खण्ड-12 नोएडा, एवं खण्ड-1 गौतमबुद्ध नगर में कार्यरत असि0 कमि0 |

तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

Mu 25-2-2014
(मृत्युंजय कुमार नारायण)
कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश।